EX-N-JNROEST(MISW)/22/2025-EXN-JNR-ABN

I/243194/2025

# कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांकः- 1914 ई-आफिस / JJM / 2025-26 / 222 दिनाँक-21../06/2025

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-05/06/2025को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी व डी0पी0आर0ओ0 के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला सभागार में की गयी। जिसमें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ सभी AE/JE जल निगम ग्रामीण,DPMU व दोनों फर्म वेलस्पन,VTL व TPI के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**समीक्षा बैठक में वेलस्पन एवं VTL कम्पनी के मैनेजर एवं अधिकारी/कर्मचारियों को निम्न निर्देश दिए गये-**

1. यह कि VTL/वेलस्पन कम्पनी के मैनेजर ने अवगत कराया गया कि क्रमशः 129 एवं 23 OHT का निर्माण किया जा चुका है।तथा माह जून के अन्त तक 30 OHT एवं 07 OHT और का निर्माण पूर्ण करा लिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाकर OHT के निर्माण में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
2. जनपद के सभी प्राथमिक विद्यालय एवं आगनबाड़ी केन्द्रों पर गृह संयोजन शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। तथा अगली बैठक में विषलेशण हेतु स्लाइड के माध्यम से प्रस्तुत करें।
3. जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गृह संयोजन शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।
4. यह कि अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया जाता है कि फर्मों के भुगतान हेतु फण्ड के लिए अर्द्ध शासकीय पत्र निर्गत कराये तथा सम्बन्धित फर्म फण्ड रीलीज कराने हेतु शासन में जा कर आवश्यक कार्यवाही करें।
5. डी0पी0आर0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि O&M की 41 में से 28 पेयजल परियोजनाओं में रोड आदि का सत्यापन कर के अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को कमियों को दूर कराने हेतु उपलब्ध कराया गया है। निर्देशित किया जाता है कि खराब पायी गयी सड़कों को मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र कराया जाए।
6. यह कि वर्तमान में 587 राजस्व ग्रामों में पानी की पूर्ण रुप से नियमित जलापूर्ति की जा रही है जिसमें से मात्र 273 राजस्व ग्रामों में हर घर जल सर्टिफिकेशन की कार्यवाही की गयी है। अवशेष 314 राजस्व ग्रामों में शेष OHT का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि इन राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टिफिकेशन कराया जा सकें। ब्लाक अकबरपुर में बहलोलपुर,चन्दनपारा जहाँगीरगंज में ऐनवा कटेहरी में बरामदपुर जरियारी व भीटी में रोहनपारा में काफी समय से जलापूर्ति की जा रही है। परन्तु उक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिव द्वारा हर घर जल सर्टिफिकेशन के प्रपत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया कि प्रधान/सचिव से वार्ता कर के हर घर जल सर्टिफिकेशन कराना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANUPAM SHUKLA
Date: 21-06-2025
12:01:34

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिलापेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिलापेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV

Scanned with OKEN Scanner